
# नीलकंठ मंदिर में बड़ी चोरी: भगवान की बांसुरी, मुकुट और आभूषण के साथ सीसीटीवी भी उखाड़ ले गए चोर



*जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब चोरों ने आस्था के केंद्रों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। उचेहरा थाना क्षेत्र की परसमनिया चौकी अंतर्गत रामपुर पाठा स्थित प्रसिद्ध नीलकंठ आश्रम के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में 20-21 जून की दरम्यानी रात हुई चोरी की घटना ने श्रद्धालुओं को स्तब्ध कर दिया है।*

सतना।

अज्ञात बदमाश मंदिर के तीन ताले तोड़कर भगवान श्रीकृष्ण की चांदी की बांसुरी,मुकुट,आभूषण,चांदी के सिक्के और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। चोर अपने पीछे कोई सुराग न छोड़ें,इसके लिए मंदिर के सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी उखाड़कर साथ ले गए। जानकारी के अनुसार मंदिर के पुजारी दिनकर मिश्रा प्रतिदिन की तरह सुबह मंदिर के पट खोलने पहुंचे तो मुख्य द्वार के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। मंदिर के भीतर पहुंचने पर भगवान श्रीकृष्ण के श्रृंगार में उपयोग होने वाला मुकुट,चांदी की बांसुरी,चांदी के बर्तन,आभूषण,कई सिक्के तथा अन्य कीमती वस्तुएं गायब मिलीं। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया गया है कि रात में शयन आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर विधिवत ताले लगाए गए थे। धार्मिक स्थल में हुई इस दुस्साहसिक वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूचना मिलते ही परसमनिया चौकी प्रभारी संतोष सिंह धुर्वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे



और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उचेहरा थानाप्रभारी सतीश मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया गया। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से साक्ष्य जुटाए हैं तथा आसपास के क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने पहले मंदिर के तीनों ताले तोड़े,फिर चोरी को अंजाम देने के बाद सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर उखाड़ लिए और डीवीआर भी साथ ले गए,जिससे उनकी पहचान न हो सके। चौकी प्रभारी संतोष धुर्वे ने बताया कि पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है।आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है,लेकिन पुलिस को जल्द खुलासे की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### मैहर के अजमाइन गांव में फूटा खसरे का बमः 8 बच्चे टीकाकरण से छूटे

**मैहर।** मैहर के अजमाइन गांव में मीजल्स (खसरा) संक्रमण की दस्तक के बाद स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। गांव में संक्रमण फैलने के बाद जब विभाग ने 9 जून को घर-घर विशेष सर्वे अभियान चलाया,तो पता चला कि 8 बच्चों को निर्धारित समय (16 से 18 माह की उम्र) पर मीजल्स-रूबेला (एमआर-2) का दूसरा टीका लगाया ही नहीं गया था। हैरानी की बात यह है कि इन्हीं छूटे हुए 8 बच्चों में से 3 बच्चों में बुखार और शरीर पर चकते जैसे खसरे के लक्षण पाए गए हैं,जिन्हें निगरानी में लेकर उपचार दिया जा रहा है। जांच में एक और बड़ी खामी यह उजागर हुई कि एक संक्रमित बच्चे का टीकाकरण रिकॉर्ड न तो परिजनों के पास मिला और न ही स्वास्थ्य विभाग के सरकारी दस्तावेजों में दर्ज था। यह स्थिति तब है जब मीजल्स उन्मूलन के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण के दावे किए जाते हैं। सर्वे में सामने आया है कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य अमले द्वारा फॉलोअप और समीक्षा की भारी कमी थी। हालांकि,संक्रमण फैलने के बाद विभाग ने आनन-फानन में सभी छूटे हुए बच्चों को एमआर-2 का डोज लगा दिया है,लेकिन इस घटना ने पूरी निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### भारत पेट्रोलियम के संचालक की तत्परता से बची गंभीर मरीज की जान

**मैहर।** मैहर में मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की एक बेहद प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली है। देर रात करीब 3 बजे एक गंभीर रूप से घायल मरीज को इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति में मैहर से बाहर ले जाना था। लेकिन एम्बुलेंस/वाहन के लिए डीजल की जरूरत आन पड़ी। रात के उस पहर में शहर के अधिकांश पेट्रोल पंप बंद थे,जिससे परिजनों के हाथ-पांव फूल गए। इस संकट की घड़ी में मरीज के शुभचिंतकों ने मैहर स्थित भारत पेट्रोलियम पंप के संचालक मिथेश सिंह वहेल को फोन कर स्थिति से अवगत कराया। घटना की गंभीरता को समझते हुए मिथेश सिंह ने रात 3 बजे भी संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने बिना एक पल गंवाए तुरंत अपने कर्मचारियों से संपर्क किया,पंप खुलवाया और आपात कालीन सेवा के लिए डीजल की व्यवस्था कराई। समय पर डीजल मिल जाने से मरीज का वाहन तुरंत अस्पताल के लिए रवाना हो सका,जिससे समय रहते उसे इलाज मिला और जान बच गई। मिथेश सिंह की इस त्वरित मदद और सेवा भावना की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। संकट के समय किया गया यह मानवीय कार्य समाज के लिए एक बेहतरीन नजीर है।

### 302 गिरफ्तारी वारंट तामील, मैहर में भी टूटी अपराधियों की कमर

**मैहर/रीवा।** रीवा जोन में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में 21 जून को एक दिवसीय विशेष 'कॉम्बिंग गश्त' अभियान चलाया गया।इस महा-अभियान के तहत रीवा,सतना,सीधी,सिंगरौली,मऊगंज और मैहर जिलों में फरार आरोपियों , वारंटियों तथा शातिर बदमाशों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की गई। पूरे रीवा जोन की बात करें तो पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 163 स्थायी वारंट और 302 गिरफ्तारी वारंट तामील कराने में सफलता हासिल की। इसके अलावा क्षेत्र के 290 निगरानी बदमाशों तथा 393 सूचीबद्ध गुंडों की सघन चेकिंग कर वैधानिक रिकॉर्ड दुरुस्त किए गए।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः सतना सीमेंट वर्क्स और आरसीसीपीएल मैहर यूनिट में गूंजा 'स्वस्थ जीवन' का संकल्प

**सतना/मैहर।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की इकाइयों–सतना सीमेंट वर्क्स एवं आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड (मैहर यूनिट) में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। सतना सीमेंट वर्क्स में कार्यक्रम का आयोजन एचआर क्लस्टर हेड प्रदीप सिंह बघेल के नेतृत्व और यूनिट हेड कौशल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। वहीं, आरसीसीपीएल मैहर यूनिट में कार्यक्रम की कमान यूएच डीके पटेल ने संभाली। दोनों ही इकाइयों में आयोजित इस भव्य योग सत्र में विभागाध्यक्षों,सुरक्षाकर्मियों, कर्मचारियों और श्रमिक भाइयों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सभी ने विभिन्न योगासनों,प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। इस दौरान कार्यस्थल पर मानसिक संतुलन, तनाव प्रबंधन,अनुशासन और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## नौकरी के लिए करंट दौड़ते पोल पर चढ़ा बिजली ऑपरेटर, नागौद के उप केंद्र में एक घंटे तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा

सतना।

जिले के नागौद क्षेत्र स्थित हरदुआ विद्युत उपकेंद्र में सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब आउटसोर्स कर्मचारी और सब स्टेशन ऑपरेटर अजय वर्मा नौकरी से निकाले जाने के विरोध में विद्युत उपकेंद्र के पोल पर चढ़ गया। कर्मचारी ने अपनी मांगें पूरी नहीं होने पर आत्मघाती कदम उठाने की चेतावनी भी दी,जिससे मौके पर मौजूद लोगों और विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार अजय वर्मा का आरोप है कि कुछ समय पूर्व आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय में की गई कटौती का कर्मचारियों ने विरोध किया था। इसके बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा विरोध करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई। अजय का कहना है कि कई कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया गया,जबकि कुछ को दूरस्थ क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया। इसी कार्रवाई के तहत उसे भी नौकरी से निकाल दिया गया,जिसके विरोध में उसने यह कदम उठाया। प्रत्यक्षदर्शियों के



मुताबिक अजय वर्मा सुबह विद्युत उपकेंद्र पहुंचा और चालू विद्युत लाइन के पोल पर चढ़ गया। उसने अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक उसे दोबारा नौकरी पर नहीं रखा जाएगा,वह नीचे नहीं उतरेगा। कर्मचारी के पोल पर चढ़ने की सूचना मिलते ही उपकेंद्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी,प्रशासनिक अमला और नागौद पुलिस मौके पर पहुंची।अधिकारियों ने कर्मचारी से बातचीत कर उसे समझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के दौरान पुलिस और विभागीय अधिकारियों ने लगातार उसे सुरक्षित नीचे उतरने के लिए मनाया। लंबी समझाइश और आश्वासन के बाद अजय वर्मा पोल से नीचे उतरने को तैयार हुआ। बताया गया कि अधिकारियों ने उसकी मांगों पर सकारात्मक विचार करने तथा उसे पुनः नौकरी में रखने का आश्वासन दिया है। इसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। घटना के दौरान किसी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना नहीं हुई,लेकिन उपकेंद्र में लंबे समय तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। कर्मचारी द्वारा उठाए गए इस कदम ने आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं और उनके रोजगार की असुरक्षा को एक बार फिर उजागर कर दिया है। विभागीय अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## विंध्य में मानसून की बेरुखी: सतना में सूखे पड़े खेत, किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें





### जून का आधा महीना बीता,महज 124 मिमी बारिश; धान की रोपाई ठप,अलनीनो का दिख रहा असर

सतना।

विंध्य क्षेत्र में मानसून की कछुआ चाल और बेरुखी ने अन्नदाताओं की धड़कनें बढ़ा दी हैं। विशेषकर सतना जिले में मानसूनी बारिश न होने के कारण खरीफ सीजन की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। खेतों में धूल उड़ रही है,जिसके चलते न तो खेतों की जुताई हो पा रही है और न ही धान का रोपा लग पा रहा है। जून का आधा महीना बीत जाने के बाद भी बादलों की बेरुखी से किसान बेहद चिंतित हैं। उन्हें डर है कि यदि बारिश में और देरी हुई,तो फसल देर से तैयार होगी,जिसका सीधा असर पैदावार और उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा।

### आधे जून में सिर्फ 124 मिलीमीटर बारिश

मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो सतना में अब तक हालात काफी निराशाजनक रहे हैं। जून का पखवाड़ा बीतने को है,लेकिन जिले में अब तक महज 124 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बार 'अलनीनो' के प्रभाव के कारण मानसून की गति धीमी हुई है और ऐसी विषम स्थितियां निर्मित हो रही हैं। हालांकि,विभाग ने उम्मीद जताई है कि आगामी कुछ दिनों में मौसम बदलेगा और झमाझम बारिश का दौर शुरू होगा।

### पानी के संकट का भी सताने लगा डर

कृषि कार्य ठप होने से ग्रामीण इलाकों में मायूसी छाने लगी है। सतना के बगहा इलाके के स्थानीय किसान बाल्मिक दया और दीनानाथ ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा बारिश न होने से खेतों में हल नहीं चल पा रहे हैं। धान की रोपाई का समय निकलता जा रहा है। अगर अगले कुछ दिनों में पानी नहीं बरसा,तो न सिर्फ फसलों का भारी नुकसान होगा,बल्कि आने वाले समय में इलाके में पीने के पानी का भी बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा।

### अधिकारियों को उम्मीदः दलहन और धान की बढ़ेगी रफ्तार

किसानों की नजरें आसमान पर टिकी हैं कि कब पानी बरसे और वे धान के साथ-साथ दलहन की फसलों की बोनी शुरू कर सकें। दूसरी ओर,कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को ढांढस बंधाया है। अधिकारियों का कहना है कि मानसून में थोड़ी देरी जरूर हुई है,लेकिन चिंता की बात नहीं है। मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए जल्द ही अच्छी बारिश की पूरी संभावना है,जिसके बाद कृषि कार्यों में तेजी आएगी।

## अमरपाटन में रफ्तार का कहर: दो अलग-अलग हादसों में चार घायल, दो की हालत गंभीर





### तिघरा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक,मची अफरा-तफरी

सतना।

अमरपाटन क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को सतना जिले के तिघरा मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रक अचानक पलट गया। ट्रक के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई,हालांकि ट्रक को काफी नुकसान पहुंचा है।

### एनएच-30 पर दो बाइकों की भिड़ंत, चार लोग लहूलुहान

वहीं दूसरी ओर,नेशनल हाईवे-30 (NH-30) पर ग्राम पड़हा के पास एक और दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने आगे चल रही दूसरी मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### हाईवे एम्बुलेंस से पहुँचाया अस्पताल,दो सतना रेफर

घटना की सूचना मिलते ही हाईवे एम्बुलेंस 1033 मौके पर पहुँची और सभी घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## चलती ट्रेन में लूट करने वाला गिरोह 24 घंटे में गिरफ्तार

सतना।

जीआरपी सतना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चलती ट्रेन में मोबाइल और नगदी छीनने वाले गिरोह का महज 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों-सूरज साकेत उर्फ गोलू (28 वर्ष) व कृष्ण पाल साकेत उर्फ छोटा गोलू (24 वर्ष)-सहित एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया है। यह घटना 20 जून 2026 को वाराणसी-एलटीटी एक्सप्रेस में सतना आउटर के पास जौनपुर निवासी फरियादी चंदन मिश्रा के साथ हुई थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों,मुखबिरों और थाने के क्रिमिनल रिकॉर्ड के फोटोग्राफ्स के जरिए अपराधियों की सटीक पहचान की। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश राज के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा।इनके पास से लूटा गया 'रियलमी 10 प्रो 5जी' मोबाइल और नगदी शत-प्रतिशत बरामद कर ली गई है।आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई जारी है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मझगवां जिला सतना (म.प्र.)**

क्रमांक/445/अनु.अधि.मझ./.2026

मझगवां दिनांक 18.06.26

सुनील कुमार यादव अध्यक्ष श्री कृष्ण गौ सेवा एवं धार्मिक ट्रस्ट ग्राम पटनाखुर्द तहसील मझगवां जिला सतना म.प्र.............आवेदक

बनाम

म.प्र. शासन...............अनावेदक

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार यादव अध्यक्ष श्री कृष्ण गौ सेवा एवं धार्मिक ट्रस्ट ग्राम पटनाखुर्द तहसील मझगवां जिला सतना म.प्र. द्वारा ग्राम कानपुर पह. पटनाखुर्द की आ.नं. 16 / 3 रकबा 0. 170 हे. में श्री कृष्ण गौ सेवा एवं धार्मिक ट्रस्ट का पंजीयन कराये जाने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो तो स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 18/07/26 या उसके पहले आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए निर्णय लिया जायेगा।

यह सूचना पत्र मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी व प्रकाशित किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी मझगवां जिला सतना (म.प्र.)**


## रामनगर के भमरहा गांव में खूनी संघर्ष: जमीन विवाद में महिला को बाल पकड़कर जमीन पर पटका, वीडियो वायरल

मैहर।

मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भमरहा गांव में जमीन के टुकड़े को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि वह हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। इस मारपीट में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस पूरी घटना का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला वीडियो भी सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस को दी गई शिकायत में भमरहा निवासी सनिल



तिवारी (37वर्ष) ने बताया कि 21 जून की दोपहर करीब 12 बजे उनके चाचा दिनेश प्रसाद तिवारी कथित रूप से उनकी जमीन पर बाड़ी लगाने पहुंचे थे।जब इसका विरोध किया गया, तो विवाद भड़क उठा।आरोप है कि दिनेश प्रसाद और पिंटू उर्फ प्रेमलाल तिवारी ने हाथ,मुक्कों और डंडों से हमला कर दिया।बीच-बचाव करने पहुंची सनिल की पत्नी संध्या तिवारी के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई। हमलावरों ने संध्या के बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर पटक दिया और घसीटा। मारपीट में सनिल, उनकी पत्नी संध्या और भाई अनिल तिवारी को चोटें आई हैं।चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।रामनगर पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कलेक्टर ने की समय-सीमा और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा



सतना।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा (टीएल) के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली आमजनता की शिकायतों का निराकरण पूरी संवेदनशीलता और गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने के निर्देश दिए।बैठक में प्रशासनिक अमले सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे,जिनमें मुख्य रूप से नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,अपर कलेक्टर विकास सिंह,और एसडीएम राहुल सिलाडिया,सुमेश द्विवेदी व जितेंद्र कुमार वर्मा शामिल थे। सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए पाबंद किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिक बालिका घर से हुई गायब, परिजन हैरान

**अमानगंज।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम भैंसवाही से एक नाबालिक बच्ची के गुम हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि एक नाबालिक बच्ची जिसकी उम्र तकरीबन 17 वर्ष 2 माह थी उसे कोई अज्ञात आरोपी बहला- फुसला कर गांव से कहीं ले गया है। घटना की सूचना पीड़िता के परिजनों ने स्थानीय पुलिस थाना अमानगंज में दी है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पताशाजी आरंभ कर दी है।

### शासकीय नालियों से अतिक्रमण को पूरी तरह मुक्त करें नगर निकाय



**अमानगंज।** जिले के अमानगंज नगर मे आम जनता की सेवा के लिए बनाई गई शासकीय नालियों पर इन दिनों अवैध अतिक्रमण करके नालियों के ऊपर घर और दुकानों का निर्माण कार्य जारी है इस और स्थानीय नगर निकाय का ध्यान जरा भी नहीं है मुख्य सड़क मार्ग का भारतीय स्टेट बैंक शाखा अमानगंज के ठीक बगल से शासकीय नाले के ऊपर अवैध निर्माण करके अपनी दुकान चलाई जा रही है या निर्माण का मुख्य सड़क मार्ग ठीक सामने हैं दुकान की बिक्री होते वक्त ग्राहकों की कुर्सियां सड़कों तक जब पहुंचती है जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका यहां बनी होती है इस विषय में स्थानीय नगर निकाय को पूर्व में जानकारी भी दी गई लेकिन समुचित कार्यवाही न होने से शासकीय नालियों पर निर्माण कार्य की प्रक्रिया नगर में तेजी से है नगर निकाय को चाहिए की कम से कम नालियों से तो अतिक्रमण को हटाया जाए और जिन स्थानो पर नगर निकाय अब तक नालियों की व्यवस्था नहीं कर सका वहां बरसात के पहले नालियों का निर्माण कराए ताकि आम जनता को इस सुविधा का समुचित लाभ मिले सके।



### अजयगढ़ थाना से स्थानांतरित पुलिस आरक्षक भूरी सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**पन्ना।** जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) निवेदिता नायडू द्वारा बीते दिनों विभाग में बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए थे। इसी क्रम में स्थानीय अजयगढ़ पुलिस थाने में पदस्थ भूरी सिंह का स्थानांतरण देवेन्दनगर के लिए किया गया। थाना परिसर में आयोजित विदाई कार्यक्रम में अजयगढ़ एसडीओपी संजीव सिंह भदोरिया एवं टी हरि सिंह ठाकुर एवं स्टाफ ने स्थानांतरित होकर जा रहे साथी कर्मचारी भूरी सिंह को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर भावभीनी विदाई दी। सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके बेहतर कार्यप्रणाली की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विदा हुए पुलिसकर्मी भूरी सिंह ने अजयगढ़ में अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया और साथी स्टाफ द्वारा मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान थाने का समस्त स्टाफ और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पन्ना बनेगा आध्यात्मिक वैकुण्ठ, पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने समाज के बीच पहुंचकर दिया दिव्य आमंत्रण





### 15 से 29 जुलाई तक सजेगा धर्म, भक्ति और सनातन संस्कृति का विराट महाकुंभ

पन्ना।

हीरों की नगरी पन्ना की पावन धरा से ऐतिहासिक और अलौकिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है, जब भक्तों की आस्था, संतों की वाणी और ठाकुर श्री जुगल किशोर जू सरकार की अनंत कृपा मिलकर धर्म और अध्यात्म का ऐसा महायज्ञ रचेंगी, जिसकी स्मृतियां युगों तक जनमानस के हृदय में जीवित रहेंगी। आगामी 15 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक श्री श्री 1008 श्री जुगल किशोर सरकार मंदिर, पन्ना में आयोजित होने वाला श्रीमद्भागवत कथा, श्रीभक्तमाल कथा एवं श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के वैभव, गुरु परंपरा की महिमा, संत परंपरा के गौरव और भक्तिभाव की अखंड धारा का दिव्य महाकुंभ होगा।पन्ना की पहचान केवल विश्व प्रसिद्ध हीरों की नगरी के रूप में नहीं है। यह भूमि युगों से श्रद्धा, साधना और ईश्वरीय कृपा की साक्षी रही है। ठाकुर श्री जुगल किशोर जू सरकार का यह पावन धाम लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। जनश्रुति है कि जो भक्त सच्चे मन से ठाकुर जी के चरणों में अपनी प्रार्थना अर्पित करता है, वह निराश नहीं लौटता। उनके दरबार में आकर टूटे हुए मन को संबल मिलता है, निराश हृदय में आशा का दीप जल उठता है और जीवन को नई आध्यात्मिक दिशा प्राप्त होती है। यही कारण है कि जुगल किशोर सरकार के प्रति भक्तों का प्रेम केवल श्रद्धा नहीं, बल्कि आत्मसमर्पण का भाव है।इसी दिव्य महोत्सव को जन-जन का उत्सव बनाने के लिए पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह स्वयं विभिन्न समाजों के बीच पहुंचकर भावपूर्ण आमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने श्री 108 प्राणनाथ ट्रस्ट, धामी समाज, नामदेव समाज, कायस्थ समाज, ब्राह्मण समाज तथा केसरवानी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं समाज प्रतिनिधियों से भेंट कर इस आध्यात्मिक महायज्ञ में सहभागी बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन किसी संस्था विशेष का नहीं, बल्कि संपूर्ण पन्ना की श्रद्धा, संस्कृति और गौरव का उत्सव है।बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जुगल किशोर सरकार की कृपा से पन्ना को धर्म और संस्कृति की इस महान परंपरा को आगे बढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। संतों का सान्निध्य समाज को नई दिशा देता है, गुरु परंपरा जीवन को प्रकाश देती है और कथा मानव जीवन को संस्कारों से जोड़ती है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह इस महोत्सव को अपनी सहभागिता से ऐतिहासिक बनाए।ष्विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने भी आयोजन में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह पूरे पन्ना का धार्मिक उत्सव है और इसे सफल बनाने के लिए प्रत्येक समाज तन, मन और धन से सहयोग करेगा तथा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को इस महोत्सव से जोड़ने का कार्य करेगा।<23 जुलाई से 27 जुलाई तक श्री श्री 108 महंत स्वामी किशोरदास जी महाराज (श्री गोरीलाल कुंज श्रीधाम वृन्दावन) द्वारा श्रीभक्तमाल कथा का रसपान कराया जाएगा। संतों के तप, त्याग, वैराग्य और ईश्वर के प्रति उनके निष्काम प्रेम की प्रेरक गाथाएं श्रद्धालुओं को यह अनुभव कराएंगी कि संत परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह कथा केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीवन को धर्ममय बनाने की साधना होगी।इसी अवधि में प्रतिदिन सायंकाल रासाचार्य पंडित श्री कुंजविहारी शर्मा ष्भैयाजीष द्वारा भव्य रासलीला का मंचन किया जाएगा। राधा-कृष्ण के दिव्य मिलन, ब्रज की माधुरी, गोपियों की अनन्य भक्ति और प्रेम के सर्वोच्च स्वरूप का जीवंत चित्रण श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर देगा। ऐसा लगेगा मानो वृन्दावन धाम स्वयं पन्ना में अवतरित हो गया हो। 19 एवं 20 जुलाई को मुखिया श्री अलबेली शरण जी महाराज एवं समस्त रसिक संतों के सान्निध्य में समाज गायन का आयोजन होगा।

## जिले के जनप्रतिनिधियों में विकास की भूमिका निभाने वाले सबसे अव्वल जनप्रतिनिधि के रूप में जाने गये बृजेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री विधायक

### राजनीति के क्षेत्र में अपराधिक छवि कोसों दूर यहां तक विकास पुरूष के रूप में जिले में जा रहे बृेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्रीविधायक

पन्ना।

राजनीति निश्चिततौर पर कई बार चर्चाओं के दौर में कई आयामों से जानी जाती है पन्ना जिले में जितने भी जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न राजनैतिक दलों में रहकर जहां पद पर आसीन होकर सरकारों में रहते हुये जो विकास के कार्य किये उनमें सबसे अग्रणी भूमिका के रूप में बृजेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री पन्ना विधायक की सोच अव्वल मानी जा रही है। वहीं राजनैतिक पृष्ट भूमि में भी जहां आपकी सोच विकास की दिशा को लेकर प्रमुखता बड़े कार्यों पर फोकस करते हुये जमीनी पटल विकास की दिशा देने के लिये जहां जिले के विकास को अहम माना जाता है चाहे पवई से आप विधायक रहे हों या वर्तमान में पन्ना से दूसरी पारी के रूप में विधायक का दायित्व निभा रहे है पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जिनको लेकर शोसल मीडिया में भले ही राजनीति में अपराधी छवि को लेकर बयां किया गया पर वास्तविकता में विकास अहम भूमिका निभाने वाले जनप्रतिनिधि के रूप में बृजेन्द्र प्रताप सिंह जाने जाते है जो कही न कहीं आज भी विकास को लेकर ही भावी भविष्य को ध्यान में रखकर कार्य योजनाओं पर अमल करते हुये क्षेत्र के विकास को गति देते है।



अपराधी प्रवृत्ति की छवि कोसों दूर कहें तो अतिसंयुक्ति नहीं साथ ही पन्ना से जुड़ी हुई विधानसभा क्षेत्र में अजयगढ़ क्षेत्र में आपकी विधानसभा में आता है जो कार्य बीसों वर्ष से असंभव थे उन्हें कराया गया आपके द्वारा जिसमें प्रमुख कार्य के रूप में बरियारपुर कैनाल का मार्ग जो कहीं न कहीं आवागमन को लेकर पचासों गावों का बाधक तो था ही इस मार्ग का डामरीकरण करवाया गया वहीं सीधे नहर कैनाल पट्टी के किनारे बसे गावों का सीधे संपर्क बांदा जिले से जोड़ने को लेकर अहम साबित हुआ। इतना ही नहीं आज नगर का बाईपास जिसको लेकर कई बार अटकलों का दौर जारी था नगर के मध्य से छतरपुर, बमीठा होते हुये सतना की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे को जहां आपके प्रयासों से बाईपास को लेकर दिशा दी गई वहीं अजयगढ़ क्षेत्र में खोरा महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात उच्च शिक्षा को लेकर वहीं केन नदी में बरियारपुर के पास पुल का निर्माण कराकर सड़क निर्माण की भूमिका को दिशा दी जा रही है कहीं न कहीं बड़े कार्यों का इतिहास जो आज स्वयं ही पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की कार्य प्रणाली को साबित करता है। अपराधिक छवि जिनसे कोसों दूर है वहीं विकास को लेकर पन्ना जिले में अब तक के जनप्रतिनिधियों में दायित्व निभाने वालों में अव्वल विकास की भूमिका तय करने वाले जनप्रतिनिधिर के रूप में जाने जाते है तभी तो विकास पुरूष के नाम से प्रख्यात हुये बृजेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री पन्ना विधायक।

## मोहर्रम पर्व को लेकर अमानगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का दिया गया संदेश





अमानगंज।

आगामी मोहर्रम ताजिया पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार शाम थाना अमानगंज परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न समुदायों के प्रमुखों, ग्राम नगर रक्षा समिति के सदस्यों, पत्रकारों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूसों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि अमानगंज क्षेत्र सदैव आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता रहा है। आगामी मोहर्रम पर्व भी इसी परंपरा के अनुरूप शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दिया जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग सबसे महत्वपूर्ण होता है। यदि किसी भी प्रकार की समस्या या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दी जाए, जिससे समय रहते उसका निराकरण किया जा सके। साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ अथवा असत्य जानकारी साझा करने से बचने की भी अपील की गई। बैठक में मौजूद हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की परंपरा को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता शिवकीर्ति शुक्ला आर आई साकेत बिहारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार, ग्राम नगर रक्षा समिति के सदस्य एवं दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में शांति, सद्भाव एवं सामाजिक एकता के साथ मोहर्रम पर्व मनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने की बात कही।

# नशा मुक्त होने के लिए किया जा रहा जागरूक, ब्रह्मा कुमारीज गांव-गांव में सभा लगाकर नशा मुक्त होने की कराई गई





पन्ना।

भारत सरकार द्वारा 17 से 26 जून 2026 तक नशा मुक्ति सप्ताह मनाने के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी विद्यालय के द्वारा नशा मुक्ति के कार्यक्रम किया जा रहे हैं ब्रह्माकुमारी बहन ने जानकारी देते हुए कहा भारत सरकार इस वर्ष इस दिवस को 17 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान थीम के साथ मना रही है। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहां इस अभियान को गति देने के लिए पन्ना सेवा केंद्र द्वारा 18 जून से नशा मुक्ति सप्ताह का शुभारंभ किया गया ब्रह्माकुमारी द्वारा गांव-गांव में जाकर सभी को नशा मुक्त होने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बहन जी ने सभी ग्राम वासियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में चित्रों के माध्यम से गहराई से बताया सभी लोगों ने ध्यान से सुना आपने कहा कि नशा एक ऐसा धीमा जाए रे जो व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देता है जिससे आपका जन एवं धन दोनों को ही क्षति पहुंच रही है इसलिए हमें अपने जीवन में परिवर्तन करके अपनी आदतों को बदलना ही होगा अन्यथा हमारा जीवन अनेक बीमारियों से एवं समस्याओं से सामना करना होगा इतनी अनमोल जीवन को नशे में बर्बाद ना करो आप इतनी मेहनत से कमाते हैं उस कमाई को हमें अच्छे ही कर्म एवं अपने परिवार की भरण पोषण में लगाना है। आपने नशे को छोड़ने के लिए कहा कि आप अपनी सोच अपने विचारधारा में परिवर्तन लाना ही होगा इसके लिए हमें शुद्ध सात्विक भोजन करना होगा एवं रोज कुछ समय योग अर्थात ध्यान करना होगा जिससे हमारी आंतरिक शक्तियां जागृत होती हैं जब हम राजयोग मेडिटेशन करते हैं तो हमारा मनोबल बढ़ता है मानसिक शांति खुशी की प्राप्ति होती है तथा सुख शांति प्रेम से तनाव मुक्त आनंद में जीवन जीने की कला आ जाती है, सभी को आध्यात्मिक ज्ञान बड़े ही सरल तरीके से समझाते हुए कहा यदि विचारधारा बदल जाए तो भावनाएं बदलती हैं,भावनाएं बदलें तो आदते बदलती है और आदतें बदलें तो जीवन बदल जाता है इसलिए आज सभी को प्रतिज्ञा करनी होगी कि हम हर रोज अपने जीवन में योग को ध्यान को शामिल करेंगे सभी ग्राम वासियों ने बहुत ध्यानपूर्वक सुना एवं नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा की इसके अंतर्गत अभी पन्ना जिले में कई गांव जैसे ककरहटी, पढेरी (हरिजन बस्ती) बस स्टैंड पढेरी ग्राम सुरदहा अनेक जगह नशा मुक्ति के कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

## मोहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

### तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार डी.आर. अहिरवार एवं थाना प्रभारी हरिसिंह ठाकुर रहे उपस्थित

**पन्ना।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को थाना परिसर अजयगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग के प्रतिनिधियों तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लेकर मोहर्रम के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार डी.आर. अहिरवार तथा थाना प्रभारी हरिसिंह ठाकुर ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। अधिकारियों ने मोहर्रम के जुलूस मार्ग,




सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं समापन स्थल संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं पर सुझाव लिए और आवश्यक निर्देश दिए। बताया गया कि इस्लामी नववर्ष की शुरुआत मोहर्रम माह से होती है। इसी माह में पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन एवं उनके 72 साथियों की करबला में दी गई महान शहादत की याद में मोहर्रम मनाया जाता है। कार्यक्रम के अनुसार चांद की 7 तारीख (23 जून) को ताजिया निकाले जाएंगे। इसके बाद चांद की 9 तारीख (25 जून) को अलाव का कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं चांद की 10 तारीख (26 जून) को नगर में पारंपरिक ताजिया जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए पर्व को शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने का संकल्प व्यक्त किया। प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। मोहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और शांति, सुरक्षा तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में आयोजन सम्पन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।



## सड़क निर्माण बना जी का जंजालः सिमरिया-अमानगंज-दमोह मार्ग पर रोज लग रहा घंटों जाम, भीषण गर्मी में यात्री बेहाल

### धूल के गुबार और चिलचिलाती धूप के बीच फंसे रहते हैं सैकड़ों वाहन’

पन्ना।

अमानगंज से दमोह को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। इस मार्ग पर चल रहे कछुआ गति सड़क निर्माण कार्य के कारण आए दिन कई किलोमीटर लंबा जाम लग रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस अव्यवस्था को संभालने के लिए मौके पर न तो निर्माण एजेंसी के कोई कर्मचारी तैनात हैं और ना ही प्रशासन की ओर से यातायात सुचारू करने का कोई इंतजाम किया गया है।

### भीषण गर्मी में उबल रहे यात्री

वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम में फंसे वाहनों में बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे घंटों तक तड़पने को मजबूर हैं। दुपहिया वाहन चालकों का हाल सबसे ज्यादा खराब है। सड़क की अधूरी खुदाई के कारण उड़ने वाले धूल के गुबार ने लोगों का दम घोंट रखा है।

### कोई प्रशासनिक व्यवस्था नहीं

स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले प्रशासन और ठेकेदार को वैकल्पिक मार्ग या डायवर्जन की पुख्ता व्यवस्था करनी चाहिए थी। लेकिन यहां नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। जाम लगने पर न तो स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचता है और न ही यातायात पुलिस का कोई अता-पता रहता है। घंटों तक लोग खुद ही मशक्कत कर जाम खुलवाते हैं।

### मरीजों और एम्बुलेंस को भी रास्ता नहीं

यह मार्ग दमोह और जबलपुर चिकित्सालयों को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है। आए दिन इस जाम में गंभीर मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस भी फंस रही हैं, जिससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जब तक सड़क निर्माण पूरा नहीं हो जाता, तब तक मौके पर यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए और धूल को दबाने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए।

# भैंस चोरी मामले में ग्रामीणों ने एसपी से लगाई गुहार

# पुलिस पर लगे आरोपी को छोड़ने के आरोप

भैंस चोरी के एक मामले को लेकर सोमवार को ग्राम सिमरिया के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और थाना सिविल लाइन पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने और मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।



**छतरपुर।** ग्राम सिमरिया निवासी अरविंद यादव ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि 14 जून 2025 को उनकी चार भैंसें और एक पडिया खेत से चोरी हो गई थीं। घटना की रिपोर्ट थाना सिविल लाइन में दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक चोरी गए मवेशियों की बरामदगी नहीं हो सकी है। पीड़ित का आरोप है कि मामले के मुख्य आरोपी भागीरथ यादव को पुलिस ने पकडऩे के बाद छोड़ दिया। वहीं, मामले में शामिल अन्य आरोपी रामजी यादव एवं एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। अरविंद यादव का कहना है कि उनके पास मोबाइल में ऐसे ऑडियो और वीडियो साक्ष्य मौजूद हैं, जिनमें आरोपी भैंस चोरी की बात स्वीकार करते हुए सुनाई और दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पीड़ित पक्ष से सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है, जिसके कारण मामले की निष्पक्ष जांच प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, चोरी गई भैंसों की बरामदगी तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, चले लाठी डंडे

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब दुकान के पास दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पहले पक्ष की ओर से मोनू मिश्रा 25 वर्ष निवासी ग्राम बड़ागांव की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश बेन एवं शनि बेन के खिलाफ गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने पर अपराध दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से ओम प्रकाश बेन 36 वर्ष निवासी ग्राम गनियारी की शिकायत पर आरोपी मोनू मिश्रा एवं आशीष दुबे के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। ओम प्रकाश का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें घेरकर मारपीट की और जातिसूचक गालियां दीं। पुलिस ने इस मामले में एससी-एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी हैं। इसी तरह उमरियापान थाना अतर्गत धौरेसर में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पहले पक्ष की ओर से कमलेश कुशवाहा 40 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुनील पटेल, विनय पटेल और श्रीमती उषा पटेल के खिलाफ एक राय होकर धारदार हथियार से हमला करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। वहीं जवाबी कार्रवाई में सुनील पटेल 45 वर्ष की शिकायत पर कमलेश कुशवाहा, आदित्य कुशवाहा और सुमत्तो बाई कुशवाहा के खिलाफ भी एक राय होकर मारपीट करने का क्रॉस केस दर्ज किया गया है।

### रेलवे स्टेशन के सामने गोलियां चलने से दहशत

**कटनी।** शहर के सबसे संवेदनशील और व्यस्त इलाकों में शामिल कटनी रेलवे स्टेशन के सामने गत रात करीब 11:35 बजे फायरिंग की घटना से दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार स्टेशन से लगभग 100 मीटर दूर स्थित शराब दुकान के बाहर एक युवक ने पिस्तौल से चार फायर किए।

# 13 साल पुराने धोखाधड़ी मामले का सात हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वर्ष 2013 के 13 साल पुराने धोखाधड़ी प्रकरण में फरार चल रहे 7000 के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, थाना सिविल लाइन क्षेत्र के पुराने धोखाधड़ी मामले में आरोपी अमरेंद्र यादव पिता छुट्टे सिंह यादव निवासी ग्राम बराछ, जिला पन्ना लंबे समय से फरार था। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से मामले से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी के बाद माननीय न्यायालय के आदेशानुसार विधिवत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, थाना प्रभारी अलीपुरा उप निरीक्षक जितेंद्र सोनी, आरक्षक हरेंद्र एवं आरक्षक जितेंद्र साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। छतरपुर पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं लंबित मामलों के निराकरण के लिए विशेष अभियान लगातार जारी है।

**बराखेरा-सूरजपुरा मार्ग बना हादसों का रास्ता**

# टूटी सड़क और पुलिया से ग्रामीण परेशान

राजनगर।

विकासखंड राजनगर के अंतर्गत बराखेरा से सूरजपुरा जाने वाला संपर्क मार्ग इन दिनों ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है और मार्ग पर बनी पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया है। स्थिति ऐसी है कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क कई गांवों को जोडऩे वाला प्रमुख मार्ग है, जिसका उपयोग किसान कृषि कार्यों के लिए खाद, बीज, कृषि यंत्र एवं फसल परिवहन में करते हैं। लेकिन सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों और टूटी पुलिया के कारण किसानों सहित आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि बराखेरा से सूरजपुरा के बीच रेलवे लाइन निर्माण का कार्य चल रहा है। रेलवे निर्माण के लिए किसानों के खेतों से मिट्टी निकालकर भारी डम्पर वाहनों के माध्यम से इसी मार्ग से परिवहन किया जा रहा है। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क तेजी से क्षतिग्रस्त हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क और पुलिया की वर्तमान स्थिति में डम्परों का अत्यधिक दबाव भी एक प्रमुख कारण है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया का टूटा हिस्सा किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। कई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच चुके हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को भी प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, क्षतिग्रस्त पुलिया का पुनर्निर्माण कराया जाए तथा बरसात से पहले आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। अब क्षेत्र में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, या फिर समय रहते सड़क और पुलिया की सुध ली जाएगी। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक निर्माण एवं मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।



## 15 दिनों में सीखे हुनर से बच्चों ने बिखेरा कला का जादू

# विशाल जन समूह के बीच संपन्न हुआ गहोई सेवा क्लब का समर कैंप

छतरपुर।

गहोई सेवा क्लब छतरपुर द्वारा राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त इंग्लिश स्कूल प्रांगण में संचालित 15 दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन समारोह गहोई धाम में विशाल जन समूह के बीच अत्यंत गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों की कलात्मक प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित स्वजातीय बंधुओं का दिल जीत लिया।

गत 4 जून से 18 जून 2026 तक आयोजित इस समर कैंप में 4 से 13 वर्ष तक के बच्चों ने विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। समापन समारोह में बच्चों द्वारा निर्मित आकर्षक वस्तुओं की एक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने उनकी कड़ी मेहनत और रचनात्मकता का प्रमाण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक डांस परफॉर्मेंस देकर खूब तालियां बटोरीं। मंचीय कार्यक्रम से पूर्व समाज के लोगों के लिए माचिस का टावर बनाना, पिक द ग्लास, स्मरण शक्ति, गहोई 1 मिनट और कुर्सी दौड़ जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिताओं के उपरांत मुख्य मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिल्ड्रन वेलफेयर कमेटी के सदस्य मणिकांत गुप्ता उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व समाजसेवी पंकज पहारिया, नगर गहोई समाज अध्यक्ष प्रेम नारायण रूसिया, गहोई धर्मशाला अध्यक्ष राजेंद्र खरया, महिला मंडल महामंत्री श्रीमती कोमल टिकरिया एवं यूथ क्लब महामंत्री अमित बरसैयां मंच पर आसीन रहे।





कार्यक्रम का सफल मंच संचालन राजेश रूसिया एवं जयदीप बृजपुरिया द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने गहोई सेवा क्लब की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए सदस्यों को भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और समर कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में गहोई सेवा क्लब के सदस्य जयदेव बृजपुरिया, दुर्गेश गुप्ता, राजेश पंसारी, संजय बृजपुरिया, अजय खरया, अभिनव बरसैयां, देवेश टिकरिया, सौरभ रावत, बृजेश नौगरैया, अमर नीखरा, पुरुषोत्तम दास सेठ, बी एन मातेले, अमित मातेले, मृदुलेश नौगरैया, रोहित नगरिया, अंबिका बृजपुरिया, सुदामा प्रसाद खर्द और अमित पहारिया सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में क्लब की महिला इकाई की सदस्य श्रीमती रश्मि खरया, श्रीमती प्रिया रावत, श्रीमती श्वेता कटारे एवं श्रीमती चित्रा बृजपुरिया ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पधारे सभी स्वजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त किया। क्लब ने संकल्प दोहराया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के समर कैंप का आयोजन प्रतिवर्ष निरंतर किया जाता रहेगा।

# स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत एनसीएल में चलाये जा रहे विभिन्न जागरूकता अभियान



**सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कम्पनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सभी परियोजना एवं इकाइयों में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय समुदायों और कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए एनसीएल द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

### वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित

स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत, एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं एवं इकाइयों में व्यापक स्तर पर अलग-अलग स्थलों की सघन साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है। कंपनी के कार्यालय परिसरों, आवासीय कॉलोनियों, खदान क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ तथा सुरम्य बनाने हेतु श्रमदान कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### सिंगल-यूज प्लास्टिक के खिलाफ जंग और अपशिष्ट प्रबंधन

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए खड़िया, ककरी एवं अमलोरी परियोजना तथा सीडबल्यूएस इकाई द्वारा सिंगल-यूज प्लास्टिक के चलन को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से आम लोगों के बीच जूट के थैलों का वितरण किया गया, वहीं दूधीचुआ परियोजना ने अपशिष्ट प्रबंधन को दुरुस्त करने के लिए डस्टबिन बांटे ताकि कचरे का सही निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त झिंगुरदा परियोजना में एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

### सामूहिक श्रमदान बना जन आंदोलन

एनसीएल द्वारा इस पखवाड़े के अंतर्गत सफाई को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है, जिसमें कर्मियों से लेकर बच्चों तथा स्थानीय लोगों को अभियान से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में सीडबल्यूएस इकाई द्वारा आयोजित विशेष सफाई अभियान में केंद्रीय विद्यालय, सीडबल्यूएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक श्रमदान के माध्यम से समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान को गति देने के लिए सीडबल्यूएस के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने खुद सफाई कार्य में हाथ बंटाकर स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी बनाने का संदेश दिया।

### जयंत परियोजना की अनूठी पहल से स्कूल बनेंगे प्लास्टिक और स्पीट फ्री

स्वच्छता अभियान को एक कदम आगे ले जाते हुए जयंत परियोजना ने क्षेत्र के पांच प्रमुख विद्यालयों को पूरी तरह से ₹प्लास्टिक एवं स्पीट फ्री₹ घोषित कर दिया है। इन संस्थानों में सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ज्योति किंडरगार्टन, सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय प्राथमिक विद्यालय और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इन सभी विद्यालयों में एकल-उपयोग प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने, परिसर को स्वच्छ बनाए रखने तथा थूकने जैसी अस्वच्छ आदतों को जड़ से खत्म करने के लिए आने वाले दिनों में विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे।



### अमलोरी परियोजना की जन चौपाल और नुक्कड़ नाटक से ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता की अलख

स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत अमलोरी परियोजना द्वारा ग्रामीण अंचल में जन चौपाल का आयोजन किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों को कपड़े एवं जूट के थैलों का प्रयोग करने तथा अपने घर एवं आस पास के परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही डीएवी अमलोरी के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग न करने के बारे में लोगों को जागरूक किया।

### 30 जून तक जारी रहेगा स्वच्छता का महापर्व

गौरतलब है कि एनसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा 2026, 16 जून से 30 जून, 2026 तक मनाया जा रहा है। इस दौरान एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में स्वच्छता जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, लोकगीत प्रस्तुतियां, चित्रकला, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न कार्यशालाओं के जरिए लोगों को जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही एनसीएल द्वारा जल स्त्रोतों की सफाई, खदान क्षेत्रों, अस्पतालों और विद्यालय परिसरों में विशेष सफाई अभियान चलाने के साथ-साथ वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, व्यापक वृक्षारोपण करने और पौधा वितरण जैसी पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों पर विशेष ज़ोर दिया जा रहा है।

# आम के पेड़ के नीचे खड़ी दो बच्चियों पर गिरी बिजली, 13 वर्षीय आरती की मौत, एक अन्य की हालत गंभीर

बड़ामलहरा।



क्षेत्र के महाराजगंज गांव में रविवार शाम तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार आरती अहिरवार (13) पिता प्रेम अहिरवार एवं रोशनी अहिरवार (18) पिता लल्लू अहिरवार निवासी महाराजगंज, रविवार शाम खेत पर काम के दौरान बारिश से बचने के लिए आम के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थीं। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई, जिसकी चपेट में दोनों बच्चियां आ गईं। हादसे में आरती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोशनी गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया गया है कि बिजली गिरने के कारण रोशनी के दोनों कंधों से हाथ मुड़ गए और उसे गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल बड़ामलहरा अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद आरती को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रोशनी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में डॉ. अभय सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद रोशनी को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# तेज आंधी में संकट मोचन मंदिर के समीप गिरा विशाल पेड़

## छतरपुर के बड़े हिस्से में ठप्प रही बिजली व्यवस्था

**छतरपुर।** शहर में अचानक आए मौसम में बदलाव और तेज आंधी-तूफान के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर के प्रसिद्ध संकट मोचन मंदिर के समीप एक विशाल पेड़ उखड़कर धराशायी हो गया। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि इसकी चपेट में आने से कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए और खंभों को नुकसान पहुंचा है, जिससे शहर के एक बड़े हिस्से में गंभीर बिजली संकट खड़ा हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, आंधी-तूफान के कारण केवल संकट मोचन मंदिर ही नहीं, बल्कि शहर के कई अन्य इलाकों में भी पेड़ और भारी टहनियां टूटकर बिजली की लाइनों पर गिर गईं। इसके चलते पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई है। कई मुख्य और रिहायशी इलाकों में ब्लैकआउट जैसी स्थिति निर्मित हो गई है, जिससे भीषण गर्मी के बीच नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना के तुरंत बाद विद्युत विभाग की तकनीकी टीमें मुस्तैद हो गई हैं। पेड़ और टहनियों को हटाने के साथ ही टूटे हुए तारों और क्षतिग्रस्त खंभों को दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि नुकसान व्यापक है, इसलिए आपूर्ति पूरी तरह बहाल होने में कुछ घंटों का समय लग सकता है। प्रभावित क्षेत्रों में धीरे-धीरे फॉल्ट सुधारकर बिजली चालू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### व्यापारियों की हड़ताल के कारण मण्डी में आज नहीं होगी अनाज की खरीद

रीवा । सहायक संचालक तथा सचिव कृषि उपज मण्डी रीवा विष्णु कुमार शुक्ला ने बताया है कि 23 जून को गल्ला-तिलहन व्यापारी संघ द्वारा हड़ताल का आह्वान किया गया है। व्यापारियों के हड़ताल में रहने के कारण 23 जून को कृषि उपज मण्डी करहिया तथा जिले की अन्य मंडियों में अनाज, तिलहन और दालों की खरीद-बिक्री नहीं होगी। उन्होंने किसान भाईयों से 23 जून को मण्डी न आने की अपील की है। हड़ताल के बाद 24 जून से मण्डी में अनाजों की नियमित खरीद बिक्री होगी।

### लंबे समय से ट्रांसफर के लिए ऑन लाइन आवेदन का इंतजार कर रहे हजारों शिक्षकों को लगा झटका

रीवा। लंबे समय से ऑनलाइन आवेदन का इंतजार कर रहे शिक्षकों की 90त्न से कम ऑनलाइन उपस्थिति होने पर आवेदन ही नहीं खुल रहे। जिनके आवेदन खुल भी रहे तो सुविधाजनक रिक्त पदों पर आवेदन नहीं कर पा रहे। क्योंकि अधिकांश पद सीधे भोपाल से पहले से ही लाखों रुपए लेकर रिजर्व कर दिए गए, जिन पर भोपाल से प्रशासनिक तबादला होगा। यानी रुपए देकर ट्रांसफर की पोस्ट बेची जा रही है। ऐसे में आन लाइन ट्रांसफर महज दिखावा बन गया है। क्योंकि पहुंच वाले लोगों ने लाखों रुपए देकर भोपाल से ही उन पदों की बुकिंग करा ली। विभागीय अधिकारियों ने लें देकर पहले से ही पद रिजर्व कर दिए। डीपीआई के अधिकारियों ने हर जिले में दलाल पाल रखे हैं जो दो लाख से तीन लाख रुपए लेकर मनचाहे ट्रांसफर करा रहे हैं। ये दलाल ट्रांसफर उद्योग चला रहे हैं और सरकार की छवि को खराब कर रहे हैं क्योंकि रुपए देकर किसी को कोई पद मिल रहा है, शिक्षा विभाग में नियम कानून और वरिष्ठता को ठेंगा दिखाकर जूनियरों और दागियों को पद बेचे जा रहे हैं।

# नीट री-एग्जाम के बाद परीक्षा केंद्र में लगी आग

## सीसीटीवी डीविआर समेत महत्वपूर्ण रिकॉर्डिंग सिस्टम जलकर खाक








### मार्तंड क्रमांक-2 विद्यालय की घटना; शॉर्ट सर्किट की आशंका, पुलिस ने कक्ष सील कर शुरू की जांच

रीवा। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की पुनर्परीक्षा संपन्न होने के कुछ घंटों बाद ही रीवा के एक परीक्षा केंद्र में आग लगने की घटना ने प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तंड क्रमांक-2 में रविवार देर शाम प्राचार्य कक्ष में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कक्ष में स्थापित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का डीवीआर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, एयर कंडीशनर, टेलीविजन, फर्नीचर और अन्य सामग्री जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।घटना ऐसे समय सामने आई है जब देशभर में नीट परीक्षा को लेकर पहले से ही संवेदनशील माहौल बना हुआ है। पिछले वर्ष पेपर लीक प्रकरण के बाद परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस छिड़ी थी। इसी कारण पुनर्परीक्षा के दौरान केंद्र सरकार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती थी। ऐसे में परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद परीक्षा केंद्र के उस हिस्से में आग लगना, जहां निगरानी प्रणाली से जुड़ा रिकॉर्डिंग सिस्टम रखा गया था, कई सवाल खड़े कर रहा है। जानकारी के अनुसार 21 जून को आयोजित री-नीट परीक्षा के लिए रीवा जिले में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर 5399 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। मार्तंड क्रमांक-2 विद्यालय भी इन्हीं परीक्षा केंद्रों में शामिल था, जहां लगभग 360 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उत्तरपुस्तिकाओं और अन्य परीक्षा सामग्री को नियमानुसार सुरक्षित रूप से केंद्र से बाहर भेज दिया गया था। बताया जा रहा है कि परीक्षा सामग्री के रवाना होने के कुछ समय बाद ही विद्यालय के प्राचार्य कक्ष से धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते आग ने कमरे में रखे उपकरणों को अपनी चपेट में ले लिया।

#### शाम से हो रही थी बिजली की ट्रिपिंग

केंद्राध्यक्ष एवं विद्यालय प्राचार्य सुदामा लाल गुप्ता के अनुसार रविवार शाम से ही विद्यालय परिसर में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या बनी हुई थी। शाम लगभग 5:15 बजे बिजली बंद हो गई थी, जिसके बाद जनरेटर के माध्यम से व्यवस्था संचालित की गई। कुछ समय बाद बिजली आपूर्ति बहाल हुई, लेकिन बार-बार ट्रिपिंग और स्पार्किंग की स्थिति बनी रही। इसकी जानकारी संबंधित विद्युत अधिकारियों को भी दी गई थी। प्राचार्य के अनुसार परीक्षा समाप्त होने के बाद अधिकारी और कर्मचारी परीक्षा सामग्री जमा कराने की प्रक्रिया में व्यस्त थे। इसी दौरान लगभग 6:30 बजे प्राचार्य कक्ष में आग लगने की सूचना मिली। केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल प्रयास कर आग बुझाने का काम शुरू किया और कुछ समय में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक कमरे में रखा अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक सामान जल चुका था।

#### सीसीटीवी और डीवीआर के जलने से बढ़ी चिंता

आगजनी की घटना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जिस कक्ष में आग लगी, वहीं परीक्षा केंद्र की सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का डीवीआर रखा हुआ था। आग की चपेट में आने से डीवीआर पूरी तरह जल गया। इसके अलावा निगरानी व्यवस्था से जुड़े अन्य उपकरण भी नष्ट हो गए।परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था इसलिए की जाती है ताकि परीक्षा प्रक्रिया की हर गतिविधि रिकॉर्ड हो सके और आवश्यकता पड़ने पर उसकी जांच की जा सके। ऐसे में रिकॉर्डिंग सिस्टम के नष्ट हो जाने से घटना को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि सीसीटीवी रिकॉर्डिंग के अतिरिक्त परीक्षा के दौरान अलग से वीडियोग्राफी भी कराई गई थी, जिससे परीक्षा संचालन का वैकल्पिक रिकॉर्ड उपलब्ध है।

#### फायर सेफ्टी व्यवस्था पर भी उठ रहे सवाल

घटना के बाद विद्यालय की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार आग बुझाने के लिए कर्मचारियों ने उपलब्ध पानी का उपयोग किया। विद्यालय में लगे अग्निशामक यंत्र या तो निष्क्रिय थे अथवा उनकी वैधता अवधि समाप्त हो चुकी थी। यदि जांच में यह तथ्य सही पाया जाता है तो यह गंभीर लापरवाही मानी जाएगी, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण परीक्षा के दौरान बनाए गए केंद्रों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होता है। प्रश्न यह भी उठ रहा है कि यदि विद्युत स्पार्किंग की शिकायत पहले से थी तो तत्काल सुधारात्मक कदम क्यों नहीं उठाए गए।

## वैष्णो फ्रूट संचालक पर मेहरबान पुलिस एवं प्रशासन



पार्किंग स्थल पर फैली दुकान, बेखबर नगर निगम 24 घंटे खुली रहती है दुकान जबकि नियम रात्रि 11:00 तक

रीवा। शहर के जय स्तंभ चौराहे में संचालित वैष्णो फ्रूट कंपनी संचालक के ऊपर रीवा का पुलिस एवं प्रशासन दोनों मेहरबान है, जय स्तंभ चौराहे पर संचालित वैष्णो फ्रूट दुकान पार्किंग स्थल पर अतिक्रमण कर लंबे समय से व्यवसाय किया जा रहा है। इतना ही नहीं, दुकान कथित रूप से दिन-रात बराबर संचालित हो रही है,जबकि शहर में अन्य व्यापारियों के लिए समय-सीमा निर्धारित है। पूरे शहर की दुकानें 10 से 11:00 बजे के बीच बंद हो जाती हैं और यदि बंद नहीं होती हैं तो पुलिस के गस्त वाहन उन्हें बंद कराने का काम करता है,बता दे प्रतिदिन देर रात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उसी रास्ते से होकर गस्त करते हैं और वैष्णो फ्रूट कंपनी दुकान को नजर अंदाज करते हुए वहीं से निकल जाते है, वही पुलिस के वही अधिकारी किसी अन्य स्थान पर खुली दुकान पा जाते हैं तो चालानी कार्रवाई के साथ तुरंत दुकान बंद करने का काम करते हैं। अन्य जगहों पर पुलिस के सायरन सुनते ही दुकान संचालक शटर गिरकर दुकान बंद करके भाग जाते हैं किंतु वैष्णो फ्रूट संचालक को किसी भी का भय नहीं है क्योंकि वह जानता है कि अधिकारी आएंगे और निकल जाएंगे। बता दे फल एवं फ्रूट की आड़ में दुकान संचालक द्वारा पूरी रात पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक ,डिस्पोजल सामग्री, राजश्री और गुटखा जैसे उत्पादों की खुलेआम बिक्री की जाती है। जिसके कारण असामाजिक तत्वों का रात भर जमावड़ा भी लगता है, जनचर्चा है कि वैष्णो फ्रूट कंपनी के संचालक द्वारा पुलिस से लेकर सभी प्रशासनिक अधिकारियों के निवास में फल पहुंचाने का काम करता है इसी वजह से उसको अघोषित रूप से 24 घंटे दुकान खोलने की खुली छूट मिली हुई है।

## अधिकारी पदीय दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वहन करें - नवागत कमिश्नर अधिकारी रीवा को अपना मानकर उसके विकास में योगदान दें

रीवा।





रीवा संभाग के नवागत कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने पद्भार ग्रहण करने के बाद संभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी पदीय दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करें। शासकीय कार्य में किसी भी तरह की कठिनाई आने पर अवगत कराएं। विभागीय कार्यों के लिए शत-प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य तय करें। सभी अधिकारी रीवा को अपना मानकर उसके विकास में योगदान दें। तय समय सीमा में निर्माण कार्यों का पूरा होना और विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति भी संभाग, प्रदेश और देश के विकास में योगदान है। आमजनता की कठिनाईयों को दूर करने के लिए तत्परता से कार्यवाही करें। उत्तरदायित्वों के निर्वहन में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि 25 जून को मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा की जाएगी। बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं से जुड़ी जानकारी प्रस्तुत करें। स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार, शिशु मृत्यु दर तथा मातृ मृत्यु दर में नियंत्रण एवं बच्चों का पोषण स्तर बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग समन्वय से प्रयास करे। सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर अनिवार्य रूप से पंजीयन तथा नियमित जाँच सुनिश्चित करें। संयुक्त संचालक कृषि किसानों की मांग के अनुसार खाद और बीज की आपूर्ति कराएं। किसी भी जिले में खाद की कमी न रहे। संयुक्त संचालक पेंशन सभी लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराएं। सेवानिवृत्त के दिन ही शासकीय सेवक पीपीओ जारी हो सके, ऐसी व्यवस्था करें। संयुक्त संचालक पशुपालन कामधेनु योजना, क्षीरधारा योजना तथा पशुओं के टीकाकरण की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी पशुओं को समय पर टीके लगवाएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। समूह नलजल योजनाओं का कार्य तय समय सीमा में पूरा कराकर हर घर में नल से पानी की आपूर्ति कराएं। निर्माण कार्यों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी राष्ट्रीय क्षति है। संयुक्त संचालक शिक्षा स्कूलों और छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार कराएं। कक्षा आठवीं के बाद के सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन प्रार्थना के बाद कॅरियर मार्गदर्शन दें। इससे विद्यार्थियों की कक्षा में उपस्थिति बढ़ेगी तथा शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। सिंचाई परियोजनाओं तथा अन्य निर्माण कार्यों में भू अर्जन की जानकारी दें। बैठक में कमिश्नर ने ऊर्जा विभाग में फीडर सेपरेशन, आरडीएसएस योजना के क्रियान्वयन तथा मछलीपालन विभाग में केजकल्चर के माध्यम से मछलीपालन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने जल गंगा संवर्धन अभियान, संबल योजना में मजदूरों के पंजीयन तथा सड़कों के सुधार के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में समय संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार तथा अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईको पार्क में एंट्री फीस को लेकर हंगामा, आप नेता और पार्क कर्मचारियों के बीच हुआ जमकर विवाद

रीवा।



शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीहर नदी के टापू व तट पर स्थित ईको पार्क में प्रवेश शुल्क (एंट्री फीस) को लेकर रविवार की शाम को विवाद की स्थिति बन गई। आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान पार्क कर्मचारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में धक्का-मुक्की और मारपीट तक पहुंच गई। मारपीट में पार्क के कर्मचारी राहुल सिंह के हाथ में फ्रैक्चर बताया गया है। घटना के बाद ईको पार्क में सीएसपी राजीव पाठक सहित सभी थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। ईको पार्क के जनरल मैनेजर राकेश झा ने बताया कि आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा शाम को दर्जनों साथियों के साथ पार्क में आये और मंदिर के सामने पार्क के गेट पर टिकट काउंटर पर हंगामा करने लगे तथा कर्मचारियों के साथ झूमाझटकी और मारपीट करने लगे। इससे उनके एक कर्मचारी का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। पार्क में विवाद की सूचना देने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। उन्होंने बताया कि श्री शर्मा पार्क को लेकर काफी समय से विवाद कर रहे हैं। गौरतलब है कि आम आदमीपार्टी के नेता प्रमोद शर्मा लंबे समय से ईको पार्क में लगाए गए प्रवेश शुल्क का विरोध कर रहे हैं। रविवार को वे अपने समर्थकों के साथ पार्क पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू किया। इसी दौरान पार्क कर्मचारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच विवाद हो गया। प्रमोद शर्मा ने आरोप लगाया कि पार्क कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। पार्क प्रबंधन ने भी कर्मचारियों के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निशा मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रित किया। विवाद बढ़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया। पार्क प्रबंधन की ओर से भी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। देर शाम तक दोनों पक्ष सिटी कोतवाली थाने में मौजूद रहे और अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराते रहे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए ईको पार्क परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद कुछ समय तक ईको पार्क परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, हालांकि पुलिस की मौजूदगी के चलते स्थिति नियंत्रण में रही। सीएसपी के नेतृत्व में सिविल लाइन थानाप्रभारी विजय सिंह, विश्व विद्यालय थाना प्रभारी हितेन्द्रनाथ शर्मा काफी देर तक पार्क में बल के साथ मौजूद रहे। पूरे मामले में सीसीटीवी फुटेज और पुलिस जांच के निष्कर्ष पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।




### अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाएं सुधारने के निर्देश, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

रीवा। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कैलाश जाटव ने अनुसूचित जाति के कल्याण के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में अध्यक्ष श्री जाटव ने कहा कि शासन की विकास योजनाओं का पूरा लाभ अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को दें। इनके कल्याण के लिए लागू की गई योजना तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। अनुसूचित जाति छात्रावास की सभी सीटों में अनुसूचित जाति विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें। जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी नोडल अधिकारियों के माध्यम से छात्रावासों का हर माह निरीक्षण कराएं। निरीक्षण में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर उसे तत्काल दूर करने का प्रयास करें। छात्रावास में विद्यार्थियों को रहने, भोजन, साफ-सफाई, प्रकाश और पठन-पाठन की अच्छी सुविधा मिलना आवश्यक है। अनुसूचित जाति आयोग संवैधानिक और वैधानिक निकाय है। प्रत्येक अधिकारी को आयोग द्वारा वांछित जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य है। आयोग को सिविल न्यायालय तथा योजनाओं की समीक्षा करने की शक्तियाँ प्राप्त हैं। बैठक में अध्यक्ष श्री जाटव ने कहा कि स्कूल और कालेज में प्रवेश लेने के बाद अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र तत्काल भरवाएं। कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। छात्रावासों में उपयोग के लिए खरीदी गई सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था कराकर प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर दें। अग्रणी बैंक प्रबंधक विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में बैंकों को भेजे जा रहे प्रकरणों का समय पर निराकरण कराएं। अनुसूचित जाति के हितग्राहियों को सहानुभूतिपूर्वक ऋण और अनुदान का वितरण कराएं। स्वरोजगार के प्रकरण उचित कारण होने पर ही निरस्त करें। जिला संयोजक अनुसूचित जाति बहुल बस्तियों का सर्वेक्षण कराएं। इनमें जहाँ आवश्यक हो वहाँ पेयजल तथा सड़क की व्यवस्था करें। इसके लिए जिला खनिज मद तथा अन्य मदों का उपयोग करें। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अनुसूचित जाति के हितग्राहियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि अनुसूचित जाति के हितग्राहियों को निःशुल्क खाद्यान्न हर माह दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, छात्रावास में रहने की सुविधा, निःशुल्क पुस्तकें, मध्यान्ह भोजन तथा गणवेश दिए जा रहे हैं। बैठक में अध्यक्ष श्री जाटव ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों का तय समय सीमा में निराकरण कराएं। सीएम हेल्पलाइन में अनुसूचित जाति कल्याण से जुड़े लंबित आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण कराएं। बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य केके पाण्डेय ने अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए लागू योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डाक विभाग में डायरेक्ट एजेंटों का होगा चयन, साक्षात्कार 30 जून तक

रीवा । भारत सरकार द्वारा भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए 'डायरेक्ट सेल्स एजेंट' (इनसेंटिव आधारित) के चयन के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में अधीक्षक डाकघर रीवा संभाग ने बताया कि चयन प्रक्रिया के लिए साक्षात्कार 30 जून तक संचालित किए जाएंगे। साक्षात्कार का समय सुबह 11.30 बजे रखा गया है। इच्छुक आवेदक अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अधीक्षक डाकघर रीवा संभाग सिरमौर चौराहा द्वितीय तल में निर्धारित समय में उपस्थित हो सकते हैं।

### अमहिया दरगाह की बाउंड्री सहित अतिक्रमण हटाया गया,

रीवा। शहर के व्यस्ततम अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को गति देने के लिए शुक्रवार को नगर निगम प्रशासन ने सड़क किनारे स्थित अमहिया दरगाह की बाउंड्रीवाल सहित अन्य अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की। विशेष बात यह रही कि यह पूरी कार्रवाई प्रशासन, दरगाह कमेटी और स्थानीय नागरिकों के बीच बनी आपसी सहमति के बाद संपन्न हुई, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। जानकारी के अनुसार अमहिया मार्ग का चौड़ीकरण लंबे समय से प्रस्तावित था, लेकिन सड़क किनारे बने कुछ स्थायी एवं अस्थायी निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। इनमें अमहिया स्थित प्राचीन दरगाह की बाउंड्रीवाल तथा उसके सामने किया गया अतिक्रमण भी शामिल था। प्रशासन द्वारा लगातार संवाद और बैठकें किए जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी, जिसके पश्चात नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई ,स्थानीय लोगों का कहना है कि दरगाह की बाउंड्रीवाल सड़क के काफी करीब बनी हुई थी, जिसके कारण मार्ग संकरा हो गया था और यातायात प्रभावित होता था। विशेष रूप से व्यस्त समय में यहां जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती थी। क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग प्रशासन से की गई थी।

## देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के मनिकवार, देवरा फरेंदा में भीषण जल संकट



मऊगंज। जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान जनपद की ग्राम पंचायत मनिकवार नं.1 और देवरा फरेंदा में जल संकट विकराल रूप ले चुका है। यहां करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई पानी की टंकियां महज शोपीस बनकर रह गई हैं। ठंड के मौसम में ही लोग एक एक बूंद पानी को तरस रहे हैं, ऐसे में गर्मी में हालात बेकाबू होने की आशंका है। ग्राम पंचायत मनिकवार नं.1 में बरसों पहले लाखों की लागत से पानी की टंकी बनाई गई थी। आज तक उससे एक बूंद पानी की सप्लाई नहीं हुई। निर्माण कार्य की कार्य योजना अनुसार पाइपलाइन तक नहीं बिछाई गई। इसी तरह देवरा फरेंदा में करीब डेढ़ करोड़ की लागत से बनी टंकी भी बंद पड़ी है। यहां बिछाई गई पाइपलाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के बाद न कोई देखने आया, न मेंटेनेंस हुआ। खेल मैदान की बिगड़ी सेहत, जनता को नसीब नहीं हुआ पानी ग्रामीणों ने बताया कि देवरा फरेंदा में पहले से मौजूद टंकी को सुधारने की बजाय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में बिना पंचायत की अनुमति के नई टंकी का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इससे स्कूल का खेल मैदान पूरी तरह बर्बाद हो गया है। छात्र खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों से वंचित हो रहे हैं। भविष्य में स्टेडियम निर्माण की योजना भी प्रभावित होगी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना है, ताकि बीमारियों और जल संकट से बचाया जा सके। लेकिन यहां करोड़ों खर्च के बाद भी जनता को पानी नहीं मिला। ग्रामीण दूर दराज से पानी ढोने को मजबूर हैं। पशु पक्षी और खेती भी प्रभावित हो रही है।प्रशासन मौन, ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश पेयजल समस्या से परेशानग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तुरंत जांच कराकर पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई तो उग्र जन आंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। लोगों का कहना है कि शासन ने करोड़ों खर्च कर दिए पर जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में हैं। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मनिकवार और देवरा फरेंदा की बंद पड़ी टंकियों की उच्च स्तरीय जांच हो। पुरानी टंकियों का सुधार कर तुरंत पाइपलाइन के जरिए जल सप्लाई शुरू की जाए। स्कूल परिसर में बन रही नई टंकी का काम रोककर उसे गांव में अन्य उचित स्थान पर बनाया जाए।



## भुअरी से सोनबरसा पहुंच मार्ग का हुआ भूमि पूजन, विकास कार्यों को मिलेगी नई गति : गिरीश गौतम

मऊगंज। जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुअरी नेशनल हाइवे से सोनबरसा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवतालाब विधायक एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गिरीश गौतम उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विधायक गिरीश गौतम ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया तथा क्षेत्रवासियों को इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की सौगात दी। उन्होंने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं। भुअरी से सोनबरसा पहुंच मार्ग के निर्माण से आसपास के गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।भूमि पूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति और भूमि पूजन के लिए विधायक गिरीश गौतम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आवागमन की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।